Number of Pages in Booklet : 16
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या
Number of Questions in Booklet : 70
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक

030012

# Hindi

## Subject Code/विषय कोड : 03

Roll No. of Candidate/अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ..........................................

OMR Serial Number/ओ.एम.आर. क्रमांक : ..........................................

Signature of Candidate/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ..........................................

Date of Examination/परीक्षा तिथि : ..........................................

Signature of Invigilator/वीक्षक के हस्ताक्षर : ..........................................

Time/समय : 75 Minutes/मिनट्स | Maximum Marks/पूर्णांक : 70

### Instructions

1. Answer *all* questions.
2. *All* questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. 1 to serial no. 10 are related to General Awareness while questions from serial no. 11 to serial no. 70 are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the O.M.R. sheet by using **BLUE/BLACK BALL POINT PEN**.
8. There is no provision of **Negative marking**.
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

### निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक 1 से क्रमांक 10 तक के प्रश्न सामान्य अभिज्ञान के तथा क्रमांक 11 से क्रमांक 70 तक के प्रश्न विषय-केन्द्रित हैं ।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया है ।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये ।
6. एक से अधिक उत्तर देनें की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा ।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को ओ. एम. आर. शीट पर **नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है ।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध है । साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी ।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें । ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।
11. यदि प्रश्नों के हिंदी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा ।

**Space for Rough Work**
**कच्चे कार्य के लिए स्थान**

1. Which one of the following is a part of 'Right to Freedom' ?

(A) Any section of citizens with a distinct language or culture have a right to conserve it

(B) Every citizen shall have access to public places like shops, hotels etc.

(C) Freedom of Speech and Expression

(D) All minorities have right to establish and administer educational institutions of their choice

2. Tick the following spelling :

(A) Coalation

(B) Coalition

(C) Coelition

(D) Colition

1. निम्न में से 'स्वतंत्रता के अधिकार' का हिस्सा है :

(A) नागरिकों के किसी समूह को अपनी भाषा या संस्कृति को संरक्षित करने का अधिकार

(B) हर नागरिक को सार्वजनिक स्थान; जैसे— दुकानें, होटल की सुलभता

(C) अभिव्यक्ति और बोलने की स्वतन्त्रता

(D) सभी अल्पसंख्यकों को अपनी पसंद का शैक्षणिक संस्थान स्थापित एवं संचालित करने की आजादी

2. सही वर्तनी बताइए :

(A) Coalation

(B) Coalition

(C) Coelition

(D) Colition

3. Which of the following is an antonym of 'confusion' ?

(A) Certainty

(B) Success

(C) Advantage

(D) Destiny

4. A landmark bounded by sea on three sides is referred as :

(A) Coast

(B) Island

(C) Peninsula

(D) Plateau

5. Death rate is the number of deaths per .................... persons in a year.

(A) Thousand

(B) Hundred

(C) Lakh

(D) None of the above

3. निम्न में से क्या 'उलझन' का विलोम है ?

(A) स्पष्टता

(B) सफलता

(C) फायदा

(D) भाग्य

4. भूमि का वह भाग जो तीन तरफ से पानी से घिरा हो, कहलाता है :

(A) तट

(B) द्वीप

(C) प्रायद्वीप

(D) पठार

5. मृत्यु दर वह संख्या है जिससे प्रति ............ व्यक्ति प्रति वर्ष आंकी जाती है।

(A) हजार

(B) सौ

(C) लाख

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

6. Pointing to a man, a woman said, "His mother is the only daughter of my mother". How is the mother related to man ?

(A) Mother

(B) Daughter

(C) Sister

(D) Grandmother

6. एक व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए एक महिला ने कहा, "उसकी माँ मेरी माँ की इकलौती पुत्री है।" व्यक्ति का माँ से क्या संबंध है ?

(A) माँ

(B) पुत्री

(C) बहन

(D) दादी

7. In a certain code MONKEY is written as XDJMNL. How is TIGER written in that code ?

(A) QDFHS

(B) SDFHS

(C) SHFDQ

(D) UJHFS

7. एक कोड में MONKEY को XDJMNL लिखा गया है, तो उसी कोड में TIGER कैसे लिखेंगे ?

(A) QDFHS

(B) SDFHS

(C) SHFDQ

(D) UJHFS

8. Resurgent India Bonds were issued in US Dollar, Pound Sterling and :

(A) Japanese Yen

(B) Deutsche Mark

(C) Euro

(D) French Franc

9. Union Minister of State and Youth Services and Sports Dr. Jitendra Singh has laid the foundation stone of bridge at which state ?

(A) Bihar

(B) Chhattisgarh

(C) West Bengal

(D) Jammu & Kashmir

10. 'Geetanjali' is written by which great poet ?

(A) Rabindranath Tagore

(B) Bankimchandra Chatterjee

(C) Atal Bihari Bajpayee

(D) Mahadevi Verma

8. रिसर्जेन्ट इंडिया बॉन्ड जारी किये गए थे यू एस डालर, पाउण्ड स्टर्लिंग एवं :

(A) जापानी येन में

(B) ड्यूश मार्क में

(C) यूरो में

(D) फ्रेंच फ्रेंक में

9. केन्द्रीय राज्य एवं युवा एवं खेल मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने हाल ही किस राज्य में पुल की नींव का पत्थर रखा ?

(A) बिहार

(B) छत्तीसगढ़

(C) पश्चिम बंगाल

(D) जम्मू एवं कश्मीर

10. गीतांजलि महाकाव्य किस कवि की रचना है ?

(A) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(B) बंकिमचन्द्र चटर्जी

(C) अटल बिहारी वाजपेयी

(D) महादेवी वर्मा

11. 'हिंदी साहित्य की भूमिका' नामक कृति के रचनाकार हैं :

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(C) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

(D) डॉ. रामकुमार वर्मा

12. इस ग्रंथ में वीरकाव्य **नहीं** है :

(A) वीसलदेव रासो

(B) पृथ्वीराज रासो

(C) हम्मीर रासो

(D) खुमाण रासो

13. संत मत के प्रचार-प्रसार का सर्वाधिक श्रेय है :

(A) कबीरदास को

(B) रैदास को

(C) गोरखनाथ को

(D) रामानन्द को

14. 'संतो भाई आई ग्यान की आँधी रे' पंक्ति में 'ग्यान की आँधी' पद में अलंकार है :

(A) उपमा

(B) रूपक

(C) दीपक

(D) उत्प्रेक्षा

15. सूफी प्रेमाख्यान काव्यों में जीवन का सबसे महत्वपूर्ण तत्व माना गया है :

(A) प्रेम

(B) सौंदर्य

(C) साहस

(D) वैभव

16. सूरदास रचित 'भ्रमरगीत' का प्रमुख उद्देश्य है :

(A) ज्ञान की प्रतिष्ठा

(B) गोपियों का विरह वर्णन

(C) ब्रज की प्रकृति का वर्णन

(D) ज्ञान पर भक्ति की विजय का प्रतिपादन

17. "खेती न किसान को, भिखारी को न भीख, बलि बनिक को न बनिज, न चाकर को चाकरी "

उक्त पंक्तियों के लेखक हैं :

(A) सूरदास

(B) नंददास

(C) तुलसीदास

(D) केशवदास

18. "उनका काव्य उनके हृदय से निकले सहज प्रेमोच्छ्वास का साकार रूप है" यह कथन किसके काव्य के प्रति सम्बोधित है ?

(A) केशवदास

(B) मीरांबाई

(C) भूषण

(D) मतिराम

19. रसखान का कृष्ण काव्य किस सम्प्रदाय से सम्बद्ध है ?

(A) बल्लभ सम्प्रदाय

(B) निम्बार्क सम्प्रदाय

(C) सखी सम्प्रदाय

(D) सम्प्रदाय निरपेक्ष

20. प्रसाद की 'पुरस्कार' कहानी की मूल संवेदना है :

(A) व्यक्तिगत प्रेम तथा राष्ट्र प्रेम की रक्षा

(B) मधूलिका की प्रेम भावना

(C) धरती प्रेम

(D) मातृभूमि की रक्षा

21. 'रज़िया' शीर्षक रेखाचित्र के लेखक हैं :

(A) विष्णुकान्त शास्त्री

(B) शिवपूजन सहाय

(C) रामवृक्ष बैनीपुरी

(D) महादेवी वर्मा

22. महादेवी वर्मा ने सूर्यकान्त निराला विषयक संस्मरण किस शीर्षक से लिखा है ?

(A) महाप्राण निराला

(B) सूर्यकान्त त्रिपाठी

(C) बसंत का दूत

(D) निराला भाई

23. 'स्मृतिलेखा' कृति के लेखक का नाम है :

(A) सेठ गोविन्द दास

(B) अज्ञेय

(C) महादेवी वर्मा

(D) नगेन्द्र

24. जैनेन्द्र की 'पाजेब' कहानी आधारित है :

(A) मानव सम्बन्धों पर

(B) चोरी पर

(C) बाल मनोविज्ञान पर

(D) उच्च वर्ग की मानसिकता पर

25. 'रामचन्द्रिका' काव्य में केशवदास को सर्वाधिक सफलता मिली है :

(A) संवाद योजना में

(B) अलंकार योजना में

(C) शब्द योजना में

(D) रस योजना में

26. इनमें कौनसा एक कवि रीतिमुक्त काव्यधारा का है ?

(A) केशवदास

(B) बिहारी

(C) सेनापति

(D) घनानन्द

27. 'या अनुरागी चित्त की गति समुझै नहिं कोय।
ज्यों-ज्यों बूढ़ै स्याम रंग, त्यों-त्यों उज्ज्वल होय॥'
बिहारी के इस दोहे में अलंकार है :

(A) विरोधाभास

(B) संदेह

(C) अतिशयोक्ति

(D) प्रतीप

28. रीतिकाल के सर्वांग विवेचक कवियों में सबसे मौलिक चिंतन दिखाया है :

(A) मतिराम ने

(B) पद्‌माकर ने

(C) भिखारीदास ने

(D) सोमनाथ ने

29. अमृतलाल नागर ने अपने किस उपन्यास में तुलसीदास को नायकत्व प्रदान किया है ?

(A) खंजन नयन

(B) मानस का हंस

(C) नाच्यौ बहुत गोपाल

(D) बूंद और समुद्र

30. 'ऊसर' शीर्षक एकांकी के लेखक हैं :

(A) रामकुमार वर्मा

(B) विष्णु प्रभाकर

(C) उपेन्द्रनाथ अश्क

(D) भुवनेश्वर

31. निम्नलिखित में से किस लेखक ने आलोचना के अतिरिक्त एकांकी नाटकों की रचना की है ?

(A) उपेन्द्रनाथ अश्क

(B) सेठ गोविन्द दास

(C) भुवनेश्वर

(D) रामकुमार वर्मा

32. 'तारसप्तक' का प्रकाशन वर्ष है :

(A) 1940

(B) 1945

(C) 1943

(D) 1946

33. इनमें से एक कवि छायावादी काव्य का प्रतिनिधि **नहीं** है :

(A) रघुवीर सहाय

(B) निराला

(C) पंत

(D) प्रसाद

34. 'कौन तुम मेरे हृदय में' पंक्ति के रचनाकार हैं :

(A) महादेवी वर्मा

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) भगवतीचरण वर्मा

(D) निराला

35. सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला ने 'बादल राग' शीर्षक से कितनी कविताएँ लिखी हैं ?

(A) 3

(B) 4

(C) 6

(D) 5

36. अहो! कौन तुम दमयंती सी इस तरु के नीचे सोई।
हाय! तुम्हें भी छोड़ गया क्या अलि नल सा निष्ठुर कोई॥

उपर्युक्त पंक्तियों में किसका मानवीकरण किया गया है ?

(A) प्रकृति का

(B) वायु का

(C) स्वर का

(D) छाया का

37. 'प्रौढ़ शिक्षा' कविता के रचनाकार हैं :

(A) रघुवीर सहाय

(B) धूमिल

(C) लीलाधर जगूड़ी

(D) नरेश मेहता

38. 'वह जन मारे नहीं मरेगा' कविता को किस वाद से सम्बद्ध माना जाता है ?

(A) रहस्यवाद

(B) छायावाद

(C) प्रगतिवाद

(D) नकेनवाद

39. इनमें से राजस्थान का निवासी कवि है :

(A) धूमिल

(B) रघुवीर सहाय

(C) केदारनाथ अग्रवाल

(D) ऋतुराज

40. धर्मवीर भारती का सबसे प्रसिद्ध गीतिनाट्य है :

(A) अंधा युग

(B) ठंडा लोहा

(C) सूरज का सातवाँ घोड़ा

(D) सावित्री नं. 2

41. 'अंतिम अरण्य' उपन्यास के लेखक हैं :

(A) गिरिराज किशोर

(B) कृष्ण बलदेव वैद

(C) कृष्णा सोबती

(D) निर्मल वर्मा

42. निम्नलिखित युग्मों में से एक सुमेलित नहीं है :

(A) चिन्तामणि—रामचन्द्र शुक्ल

(B) पर्णमुकुट—विद्यानिवास मिश्र

(C) अशोक के फूल—हजारीप्रसाद द्विवेदी

(D) रस आखेटक—कुबेरनाथ राय

43. निम्नलिखित में से सुमेलित **नहीं** है :

(A) कुरुक्षेत्र—दिनकर

(B) लोकायतन—पंत

(C) उर्वशी—दुष्यंत कुमार

(D) राम की शक्ति पूजा—निराला

44. निम्नलिखित में से सुमेलित **नहीं** है :

(A) आवां—चन्द्रकान्ता

(B) अल्मा कबूतरी—मैत्रेयी पुष्पा

(C) मैला आंचल—रेणु

(D) राग दरबारी—श्रीलाल शुक्ला

45. निम्नलिखित में से सुमेलित **नहीं** है :

(A) अंजो दीदी—उपेन्द्रनाथ अश्क

(B) कोणार्क—जगदीशचन्द्र माथुर

(C) आठवाँ सर्ग—कमलेश्वर

(D) लहरों के राजहंस—मोहन राकेश

46. निम्नलिखित में सुमेलित **नहीं** है :

(A) पूस की रात—प्रेमचंद

(B) वापसी—कृष्णा सोबती

(C) यही सच है—मन्नू भंडारी

(D) परदा—यशपाल

47. निम्नलिखित में सुमेलित **नहीं** है :

(A) Freedom—स्वतंत्रता

(B) Tax—कर

(C) Centre—केन्द्र

(D) Editor—प्रकाशक

48. Responsible के लिए उपयुक्त हिंदी शब्द है :

(A) उत्तरदायी

(B) निर्भर

(C) सारांश

(D) संकोच

49. हिंदी का विकास माना जाता है :

(A) शौरसेनी अपभ्रंश से

(B) मागधी अपभ्रंश से

(C) बाचड़ अपभ्रंश से

(D) पैशाची अपभ्रंश से

50. राजस्थान के कोटा-झालावाड़ क्षेत्र की बोली का नाम है :

(A) मालवी

(B) मेवाती

(C) हाड़ौती

(D) वागड़ी

51. हिंदी साहित्य के रीतिकाल को शृंगार काल नाम किसने दिया ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल ने

(B) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने

(C) रामकुमार वर्मा ने

(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी ने

52. हिंदी साहित्य के आदिकाल को डॉ. रामकुमार वर्मा ने किस नाम से पुकारा है ?

(A) सिद्ध-सामंत काल

(B) वीरगाथा काल

(C) प्रारम्भिक काल

(D) संधि काल एवं चारण काल

53. 'हंस' मासिक पत्रिका के संपादक का नाम है :

(A) संजीव

(B) लीलाधर मंडलोई

(C) संजय सहाय

(D) रामकुमार कृषक

54. राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर की मुख-पत्रिका का नाम है :

(A) जागती जोत

(B) मधुमती

(C) सम्भावना

(D) शेष

55. निम्नलिखित वाक्यों में से एक वाक्य शुद्ध है :

(A) बिन्दु संस्कृत की प्रकाण्ड विद्वान है

(B) वहाँ अनेकों लोग तमाशा देख रहे थे

(C) भले लोग शिष्टाचार का पालन करते हैं

(D) कोई नहीं जानता कि सूरज पानी में सो जाता है

56. इनमें से एक शब्द अशुद्ध है :

(A) परिर्वाजक

(B) प्रतिष्ठित

(C) अपर्याप्त

(D) शुद्धाद्वैतवाद

57. 'संग्रहालय' शब्द का संधि-विच्छेद होगा :

(A) संगर + आलय

(B) संग + आलय

(C) संग्रह + आलय

(D) संग्रहा + लय

58. इनमें से कौनसा शब्द देशज है ?

(A) आख्यान

(B) खाट

(C) निर्भीक

(D) पवन

59. इनमें से रस सूत्र के स्थापक आचार्य हैं :

(A) दण्डी

(B) भामह

(C) रुय्यक

(D) भरत

60. इनमें से एक गीतकार राजस्थान का निवासी है :

(A) नीरज

(B) ताराप्रकाश जोशी

(C) रामावतार त्यागी

(D) बालस्वरूप राही

61. राजस्थान के निवासी को बिहारी पुरस्कार किस संस्था द्वारा दिया जाता है ?

(A) के. के. बिड़ला फाउण्डेशन द्वारा

(B) भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा

(C) साहित्य अकादमी द्वारा

(D) प्रवासी राजस्थानियों द्वारा

62. 'मानहु मदन दुंदुभी दीन्ही—मनसा दिस्व विजय कँह कीन्ही' पंक्तियों में अलंकार है :

(A) दीपक

(B) रूपक

(C) उपमा

(D) उत्प्रेक्षा

63. इन शब्द-युग्मों में द्वन्द्व समास का उदाहरण है :

(A) राजपुत्र

(B) नवरत्न

(C) सुख-दुख

(D) नवोन्मेष

64. 'अरुण यह मधुमय देश हमारा', इस पंक्ति के रचयिता हैं :

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) माखनलाल चतुर्वेदी

(C) बालकृष्ण शर्मा नवीन

(D) देवराज दिनेश

65. 'ढोला मारू रा दूहा' काव्य का रचयिता माना जाता है :

(A) देवसेन सूरि को

(B) चन्दरबरदाई को

(C) कुशललाभ को

(D) पुष्पदंत को

66. रंगमंच की दृष्टि से प्रसाद का सर्वोत्तम नाटक है :

(A) चन्द्रगुप्त

(B) ध्रुवस्वामिनी

(C) अजातशत्रु

(D) स्कंदगुप्त

67. 'तुलसीदास' काव्य किस कवि की रचना है ?

(A) प्रसाद की

(B) दिनकर की

(C) श्रीधर पाठक की

(D) निराला की

68. खड़ी बोली का प्रथम महत्वपूर्ण महाकाव्य है :

(A) प्रियप्रवास

(B) साकेत

(C) कुरुक्षेत्र

(D) नूरजहाँ

69. इनमें से कौनसी शोध पत्रिका है ?

(A) वागर्थ

(B) अनुभव

(C) पंचशील शोध समीक्षा

(D) नया प्रतीक

70. इनमें से कौनसा आंचलिक उपन्यास **नहीं** है ?

(A) मैला आंचल

(B) अन्तराल

(C) सागर, लहरें और मनुष्य

(D) परती-परिकथा

**Space for Rough Work**

**कच्चे कार्य के लिए स्थान**

SEAL